राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, रविवार, 11 जनवरी 2026

वर्ष 14, अंक 268, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का कारवां पहुंचा महराजगंज, विधेयक मंजूरी को लेकर जमकर नारेबाजी..03

हमीरपुर में अवैध खनन पर प्रशासन का चला चाबुक..04

# असमः मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप, विपक्षी दलों ने भाजपा के ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज कराई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली**– असम में पांच विपक्षी दलों ने शुक्रवार (9 जनवरी) को संयुक्त रूप से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य की मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है. इन दलों में कांग्रेस, रायजोर दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) और असम जातीय परिषद शामिल हैं. रायजोर दल ने इस मामले में अलग से निर्वाचन आयोग से भी शिकायत की और भाजपा पर मतदाता सूचियों में सुनियोजित और असंवैधानिक तरीके से हेरफेर करने का आरोप लगाया. गुवाहाटी के दिसपुर थाने में दर्ज शिकायत में विपक्षी दलों ने दावा किया कि असम भाजपा अध्यक्ष और सांसद दिलीप सैकिया इस कथित साजिश का नेतृत्व कर रहे हैं. आरोप है कि पार्टी विधायकों को निर्देश दिया गया है कि वे राज्य की 126 विधानसभा सीटों में से कम से कम 60 सीटों पर भाजपा-विरोधी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाना सुनिश्चित करें. ज्ञात हो कि असम में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण जारी है, जहां मई तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. अपडेट मसौदा मतदाता सूची 27 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की गई थी, जबकि अंतिम



सूची 10 फरवरी को जारी होने की उम्मीद है।

**'मोबाइल और वीडियो साक्ष्य जब्त किए जाएं'**

विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि 4 जनवरी को हुई एक ऑनलाइन बैठक में दिलीप सैकिया ने यह 'नाम हटाने का मिशन' स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंघल को सौंपा. शिकायत में कहा गया, 'यह विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की एक दुर्भावनापूर्ण साजिश है. राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया से जुड़ी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग फुटेज को तुरंत सुरक्षित किया जाना चाहिए और संरक्षित रखा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें अहम साक्ष्य मौजूद हैं.' विपक्षी दलों ने पुलिस से मांग की कि राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी विशेष पुनरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए 'दोषियों और साजिशकर्ताओं' के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाए. रायजोर दल के प्रमुख और शिवसागर से विधायक अखिल गोगोई ने सबसे पहले इस 'खतरनाक योजना' की ओर ध्यान दिलाया था. शुक्रवार को उन्होंने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर 4 जनवरी की वर्चुअल बैठक और 'मतदाता सूची प्रबंधन' से जुड़े मुद्दे की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र जांच की मांग की. उन्होंने आयोग से भाजपा नेतृत्व से जुड़े सभी डिजिटल रिकॉर्ड और संचार लॉग सुरक्षित करने, 'प्रति विधानसभा क्षेत्र 10,000 वोट' संबंधी निर्देश की जांच करने, राज्यभर में पिछले तीन महीनों में दाखिल सभी फॉर्म-7 (नाम शामिल करने पर आपत्ति) आवेदनों का गहन ऑडिट कराने और मामले के निपटारे तक विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की।

**भाजपा ने कहा- बदनाम करने की साजिश**

भाजपा ने अखिल गोगोई के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विधायक ने गोलाघाट जिले के सरुपथार विधानसभा क्षेत्र के उरियामघाट इलाके से बेदखल किए गए 11,000 मुसलमानों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मामले को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है. भाजपा प्रवक्ता जयंत कुमार गोस्वामी ने कहा कि रायजोर दल प्रमुख ने इन 'मियाओं' (बंगाली भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला एक अपमानजनक शब्द) के नाम हटने से रोकने के लिए दिलीप सैकिया के खिलाफ बदनाम करने का अभियान छेड़ा है. उन्होंने कहा, 'विपक्षी दलों ने भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर इस साजिश को हवा दी है और 'मिया तुष्टिकरण' में लिप्त हैं, जिससे उनकी आदिवासी-विरोधी मानसिकता उजागर होती है.' वहीं, दिलीप सैकिया ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, 'नाम जोड़ने और हटाने का काम निर्वाचन आयोग करता है. विपक्ष में इतनी सामान्य समझ भी नहीं है. उन्होंने यही कोशिश बिहार में भी की थी, लेकिन वह पूरी तरह विफल रही.' उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं. सैकिया ने कहा, 'मतदाता सूची में ऐसे लोगों के नाम दशकों से बने हुए हैं, जिनकी 30 साल पहले मृत्यु हो चुकी है. ऐसे लोग भी हैं जो स्थान बदल चुके हैं या पिछले चार चुनावों से मतदान के लिए नहीं आए हैं. इन मामलों में मतदाता सूची को ठीक करना निर्वाचन आयोग और जनता - दोनों की जिम्मेदारी है. हम एक सही और शुद्ध मतदाता सूची चाहते हैं।'

# किस आधार पर दर्ज की FIR? दिल्ली विधानसभा स्पीकर का पंजाब पुलिस को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो पर जालंधर में दर्ज एफआईआर का मामला गरमाया हुआ है. अब इस मामले मेंपंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं. दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कि उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण और सभी संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा गया है. विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में स्नढ्ढक्र दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है. नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है।

**सदन की गरिमा और विशेषाधिकारों से जुड़ा है मामला**

नोटिस में पंजाब पुलिस की इस मामले में संलिप्तता पर अध्यक्ष की चिंता व्यक्त की गई



है और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत स्पष्टीकरण एवं आवश्यक दस्तावेज़ मांगे गए हैं. यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है और सीधे सदन की गरिमा और विशेषाधिकारों से जुड़ा है. उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है. विजेंद्र गुप्ता ने कहा, जिस वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है. सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि बहुत गंभीर और निंदनीय भी है।

**किस आधार पर दर्ज की गई है एफआईआर?**

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है. उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया. पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिंताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है. इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा. विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा, विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया. हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को छेड़छाड़ की गई बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है. यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है. इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे।

# 'चुनाव आते ही एक्टिव हो जाती है ED', कपिल सिब्बल बोले- विपक्ष को डराने के लिए BJP ने दी खुली छूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई को लेकर राजनीति गरमाई हुई है. इसी बीच इस कार्रवाई को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि आज उन्हें यूपीए सरकार का 2004 से 2014 तक का कार्यकाल याद आ गया. आज जिस तरह अखबारों में खबरें छप रही है वैसी हमने उन 10 सालों में नहीं देखीं है, क्योंकि हमने ईडी को इतनी खुली छूट नहीं थी.

कपिल सिब्बल ने कहा कि उस दौरान किसी भी राजनीतिक दल या नेता पर झूठी जानकारी के आधार पर मुकदमा नहीं चलाया था. उन्होंने कहा कि जब प्रवर्तन निदेशालय (ED) का गठन हुआ था, तब यह नहीं पता था कि इसे एक सर्वव्यापी अभियोजन एजेंसी बना दिया जाएगा, जो भारत में कहीं भी, कभी भी जा सकती है और पूरे संघीय ढांचे पर इस तरह से हमला कर सकती है. उन्होंने कहा कि बीजेपी ईडी का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए कर रही है।

**ममता को परेशान करने के लिए**



**श्वष्ठ का इस्तेमाल**

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव आते ही जांच एजेंसियों को अचानक दस्तावेजों की याद आ जाती है. सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जहां भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती, वहां ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (TMC) को परेशान करने के लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने सवाल उठाया कि कोई भी जांच एजेंसी किसी दफ्तर में जाकर सभी फाइलें कैसे ले जा सकती है. अगर कोयला घोटाले की जांच करनी है तो उससे जुड़ी फाइलें लें, लेकिन हर फाइल ले जाना किस अधिकार में है? किसी भी जांच एजेंसी को ऐसा करने का हक नहीं है।

**राज्य और केंद्र के बीच जानबूझकर टकराव किया पैदा**

कपिल सिब्बल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश में कहीं भी एफआईआर दर्ज होते ही ईडी वहां पहुंच जाती है. श्वष्ठ सिर्फ चुनाव के समय ही ऐसे राज्यों में पहुंचती है. बीजेपी ईडी का इस्तेमाल कर राज्य और केंद्र के बीच जानबूझकर विवाद पैदा करने का काम कर रही है. भाजपा की श्वष्ठ का उद्देश्य कानून लागू करना नहीं, बल्कि विपक्षी नेताओं को डराना और परेशान करना है. यह टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते हैं जो सरासर गलत है।

**कोयला घोटाले में अचानक कार्रवाई क्यों?**

कपिल सिब्बल ने कहा कि कोयला घोटाला कोई नया मामला नहीं है, यह कई वर्षों से चल रहा है। फिर अब ही अचानक कार्रवाई क्यों? आखिर सरकार पश्चिम बंगाल में जीतने के लिए किस हद तक जाएगी. यूपीए कार्यकाल में कभी ऐसा नहीं हुआ था, लेकिन बीजेपी जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. चुनाव को चुनाव की तरह ही लड़ा जाना चाहिए. बीजेपी का यह रवैया गलत है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रंप प्लान का खुलासाः रिमोट कंट्रोल कॉलोनी बनेगा वेनेजुएला, मार्को रुबियो बनेंगे 'वायसरॉय'!



विदेश मामलों के विशेषज्ञ रॉबिंदर सचदेव ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि अमेरिका की योजना वेनेजुएला को एक तरह से 'रिमोट कंट्रोल कॉलोनी' बनाने की है, जहां सत्ता भले वेनेजुएला सरकार के पास दिखे, लेकिन असली नियंत्रण अमेरिका के हाथ में होगा। सचदेव ने कहा कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल को वैश्विक बाजार में खुद बेचना चाहता है और इस पूरे सिस्टम की निगरानी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो जैसे नेता करेंगे, जो एक तरह से 'वायसरॉय' की भूमिका निभाएंगे। अमेरिकी और यूरोपीय तेल कंपनियों को वहां निवेश के लिए दबाव डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर कीमतें अनुकूल रहीं तो भारत के लिए वेनेजुएला का तेल एक व्यवहारिक विकल्प हो सकता है। खासतौर पर रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी जैसी भारतीय रिफाइनरियां वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल (Heavy Crude) को प्रोसेस करने में सक्षम हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल, नाफ्था और हीटिंग ऑयल जैसे कई उत्पाद निकाले जा सकते हैं। सचदेव के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ऊर्जा सचिव और आंतरिक मामलों के सचिव के जरिए तेल कंपनियों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहा है कि वेनेजुएला में निवेश सुरक्षित और मुनाफे वाला होगा। हालांकि कई कंपनियां अभी हिचकिचा रही हैं, क्योंकि वहां तेल क्षेत्र को दोबारा खड़ा करने के लिए 60 से 200 अरब डॉलर तक के निवेश की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि तेल उद्योग लोकतांत्रिक या भू-राजनीतिक मूल्यों से नहीं, बल्कि मुनाफे और शेयरधारकों के लाभ से चलता है। यही वजह है कि ट्रंप वेनेजुएला को स्थिरता और भारी मुनाफे का सपना दिखाकर निवेश खींचने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को ट्रंप ने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर वेनेजुएला के ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश को लेकर कहा कि 'यहां से बहुत पैसा बनेगा।' विशेषज्ञों के अनुसार, यह पूरी रणनीति वेनेजुएला के संसाधनों पर लंबे समय तक अमेरिकी नियंत्रण की ओर इशारा करती है।

# कुलदीप सेंगर के समर्थक मेरा चरित्र हनन कर रहे, ऐश्वर्या को नेता बनाया जा रहा... उन्नाव रेप पीड़िता का छलका दर्द

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव रेप कांड की पीड़िता का एक वीडियो आया सामने आया है. इसमें उसने कुलदीप सेंगर के परिवार और समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता का कहना है, कुलदीप सिंह सेंगर के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर मेरी पहचान उजागर की जा रही है. सेंगर के समर्थक मेरा चरित्र हनन कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि मेरे पास ठोस सबूत है तो उनको सामने लाया जाया. पीड़िता ने कुलदीप सिंगर की बेटी ऐश्वर्या सेंगर को लेकर भी चौंकाने वाली बात कही है. आइए जानते हैं कि उसने क्या-क्या कहा है. पीड़िता कहती है, 11 दिसंबर को दिल्ली में जंतर-मंतर पर जाति विशेष समाज द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है. ये कोई प्रदर्शन नहीं बल्कि शक्ति प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है. ये



प्रदर्शन देश के मुख्य न्यायाधीश को डराने का मात्र एक प्रयास है. सेंगर के समर्थक चाहते हैं कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डर जाएं और हमारे फेवर में फैसला कर दें।

**यह सब बंद कर दें, मेरी भी एक बेटी और बेटा है**

इसके आगे पीड़िता कहती है, कुलदीप सिंह की बेटी ऐश्वर्या सेंगर को नेता बनाया जा रहा है. वो अपने इंटरव्यू को सनसनीखेज बना रही है. ऐश्वर्या कहती है कि हमारे परिवार में मात्र चार लोग हैं. अगर चार लोग हैं तो इतने लोग निकल-निकलकर कहां से आ रहे हैं. पीड़िता ने कहा, मेरा मानसिक बलात्कार करना बंद करो. अगर आप लोग चाहते हैं कि हम इस दुनिया में जिंदा रहे तो यह सब करना बंद कर दें. मेरी भी एक बेटी और एक बेटा है।

**AI से मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया जा रहा**

इससे पहले भी पीड़िता सेंगर परिवार और उसके समर्थकों पर ऐसा ही आरोप लगा चुकी है. बीते दिनों वो बसंत कुंज थाने पहुंची थी. वो 16 अप्रैल को दी गई शिकायत के बारे में जानकारी लेने गई थी. इस दौरान पीड़िता ने कहा था, मेरी सोशल मीडिया आईडी को हैक कर,ढ्ढ के जरिए मेरी और मेरी ससुराल की पहचान को उजागर कर गलत कमेंट्स लिखे जा रहे हैं. AI से मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. मैं और मेरी ससुराल वाले डरे हुए हैं।

# कैग की रिपोर्ट में सामने आई मोदी सरकार की कौशल विकास योजना की गंभीर ख़ामियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली**– उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन देने के उद्देश्य से चलाई जा रही मोदी सरकार की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां सामने आई हैं. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की प्रदर्शन ऑडिट रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है. रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों में योजना के तहत दर्ज 94.53% लाभार्थियों के बैंक खाते विवरण या तो शून्य दर्ज हैं, खाली छोड़े गए हैं या उपलब्ध ही नहीं हैं. इसके अलावा लाभार्थियों की तस्वीरों की नकल, अमान्य या बार-बार दोहराए गए मोबाइल नंबर जैसी गंभीर अनियमितताएं भी पाई गई हैं. कैग का यह ऑडिट एमएसडीई, एनएसडीसी और आठ राज्यों- असम, बिहार, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में किया गया था. रिपोर्ट शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पेश की गई थी. कैग ने यह भी पाया कि विशिष्ट नौकरी भूमिकाओं के लिए बाज़ार की मांग का कोई ठोस आकलन नहीं किया गया, और न ही उसके अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया. इसका नतीजा यह रहा कि योजना के तहत कुल प्लेसमेंट दर केवल 41% रही. रिपोर्ट में कहा गया है कि कई मामलों में योजना के दिशानिर्देशों में तय आयु, शिक्षा और कार्य-अनुभव से जुड़े मानदंडों को नजरअंदाज करते हुए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए नामांकित किया गया।

ऑडिट में राज्य घटक (component) के तहत फंड जारी करने में देरी और उनके उपयोग न होने, साथ ही केंद्रीय घटक के तहत 222.63 करोड़ रुपये की राशि के आकलन और स्थानांतरण में भी त्रुटियां और देरी पाई गई. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की यह योजना जुलाई 2015 में शुरू की गई थी. 2015 से 2022 के बीच पीएमकेवीवाई के तीन चरण लागू किए गए, जिन पर लगभग 4,450 करोड़ रुपये खर्च हुए और 1.32 करोड़ उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण या प्रमाणन देने का लक्ष्य रखा गया. योजना का संचालन केंद्रीय और राज्य घटकों के माध्यम से किया गया, जिसमें 75% लक्ष्य और बजट राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और 25% राज्य कौशल विकास मिशनों को आवंटित किए गए।

**अमान्य बैंक खाते, ईमेल और मोबाइल नंबर**

पीएमकेवीवाई दिशानिर्देशों के अनुसार प्रमाणन के बाद प्रत्येक उम्मीदवार को 500 रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए दी जानी थी, जिसके लिए वैध बैंक खाता जरूरी है. लेकिन पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया गया कि 95.9 लाख प्रतिभागियों में से 90.66 लाख के बैंक खाते विवरण शून्य, 'नल', 'एनए' या खाली दर्ज थे. रिपोर्ट में कहा गया है कि शेष 5,24,537 उम्मीदवारों में से 12,122 बैंक खाता नंबर 52,381 प्रतिभागियों के लिए दो या उससे अधिक बार दर्ज पाए गए. रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन मामलों में प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अलग-अलग बैंक खाते दर्ज थे (कुल 4,72,156 विशिष्ट खाते), उनमें भी स्पष्ट रूप से गलत खाता नंबर पाए गए, जैसे '11111111111...', '123456...', एक अंक वाले खाता नंबर, या केवल टेक्स्ट, नाम, पता अथवा विशेष चिन्ह. रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 के खाते से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण योजना के प्रतिभागियों की पहचान को लेकर पर्याप्त भरोसा नहीं देता. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मंत्रालय ने कैग को बताया था कि सिर्फ़ शुरुआत में ही बैंक खाते का विवरण अनिवार्य किया गया था और बाद में भुगतान आधार सीडिंग के आधार पर किया गया, जिससे राशि सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में भेजी जाती है और अलग से बैंक खाता नंबर लेने की ज़रूरत नहीं रहती।

मंत्रालय ने कैग को बताया कि बाद में भुगतान आधार-सीडिंग के जरिए किया गया, लेकिन ऑडिट में पाया गया कि 2023 में केवल 25.58% मामलों में ही डीबीटी भुगतान प्रोसेस हुआ, और इनमें से सिर्फ 18.44% भुगतान सफल रहे. अक्टूबर 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 63.75% हुआ. रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि बड़ी संख्या में अमान्य ईमेल आईडी जैसे abc@gmail.com, vwx@gmail.com या केवल अंकों वाले ईमेल दर्ज थीं. वहीं 36,49,344 उम्मीदवारों के मामलों में 'Candidate_Email' वाला कॉलम 'माइग्रेटेड डेटा' के रूप में दर्ज पाया गया. कई मोबाइल नंबर 10 अंकों से कम, बार-बार दोहराए गए या स्पष्ट रूप से गलत पाए गए. जब ऑडिट में अक्टूबर 2024 तक के अपडेटेड पीएमकेवीवाई डेटा के तहत 9.45 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, तब इसमें अब भी अमान्य (175) और दोहराए गए (2,263) मोबाइल नंबर पाए गए. रिपोर्ट में कहा गया कि इसके अलावा 2.72 लाख से अधिक मामलों में ईमेल पते 'नल' दर्ज थे और 3.08 लाख से अधिक मामलों में ईमेल पते दोहराए गए थे. इससे साफ होता है कि मई 2023 में मंत्रालय द्वारा जिन आवश्यक आईटी नियंत्रणों का आश्वासन दिया गया था, वे अब तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाए हैं।

**तस्वीरों की नकल**

पीएमकेवीवाई-आरपीएल (पूर्व शिक्षण की मान्यता) के दिशानिर्देशों में प्रमाणन प्रक्रिया की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें और वीडियो अपलोड करने का प्रावधान है, जिसमें उम्मीदवारों की बैचवार तस्वीरें भी शामिल हैं. लेकिन ऑडिट में ऐसे मामले सामने आए, जहां एक ही तस्वीरें अलग-अलग राज्यों में इस्तेमाल की गई. उदाहरण के तौर पर- ऑडिट में पाया गया कि नीलिमा मूविंग पिक्चर्स (एनएमपी) नामक एक नियोक्ता, जो कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ में पंजीकृत नहीं था, ने जनवरी 2020 से नवंबर 2020 के बीच आठ राज्यों में 21 जॉब रोल्स के लिए 33,493 प्रतिभागियों (कर्मचारियों) को मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर स्किल काउंसिल के माध्यम से कौशल प्रमाणन दिया. हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑडिट प्रक्रिया (3 अक्टूबर 2022) के दौरान एनएमपी अस्तित्व में ही नहीं पाया गया. इसके जवाब में संबंधित सेक्टर स्किल काउंसिल ने अक्टूबर 2022 में बताया कि यह इकाई कोविड-19 के दौरान बंद हो गई थी।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) द्वारा उपलब्ध कराए गए 24 बैचों की तस्वीरों के विश्लेषण से यह सामने आया कि एनएमपी ने अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग बैचों में किए गए कौशल प्रमाणन के लिए एक ही तस्वीरों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया. मंत्रालय द्वारा मई 2023 में दिए गए नए साक्ष्यों की दोबारा जांच में पाया गया कि इन 24 बैचों के 812 उम्मीदवारों में से केवल 694 के प्रोफाइल फोटो और महज 132 उम्मीदवारों के आधार विवरण उपलब्ध थे. इसके अलावा, 58 प्रोफाइल तस्वीरों में भी इसी तरह की कॉपी पाई गई. रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि पीएमकेवीवाई के तहत विभिन्न जॉब रोल्स के लिए पंजीकृत कई प्रशिक्षण केंद्र (ट्रेनिंग सेंटर्स) ऑडिट के दौरान बंद पाए गए. मंत्रालय/एनएसडीसी द्वारा सितंबर 2022 में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, योजना के तहत करीब 14,800 प्रशिक्षण केंद्र विभिन्न कौशल प्रशिक्षण परियोजनाओं में शामिल थे. प्रदर्शन ऑडिट के दौरान चयनित राज्यों में 90 प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया गया और प्रशिक्षण ले रहे 1,045 उम्मीदवारों का सर्वे भी किया गया, ताकि बुनियादी ढांचे की उपलब्धता की जांच हो सके. हालांकि, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि बिहार में 10 में से 3 प्रशिक्षण केंद्र और ओडिशा में 17 में से 1 प्रशिक्षण केंद्र सर्वे के समय बंद थे।

**प्लेसमेंट दर सिर्फ 41**

रिपोर्ट में पाया गया कि विशिष्ट नौकरी भूमिकाओं के लिए बाज़ार की मांग का कोई ठोस आकलन नहीं किया गया और न ही उसके अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया. इसका नतीजा यह रहा कि योजना के तहत कुल प्लेसमेंट दर केवल 41% रही. पीएमकेवीवाई के कौशल प्रशिक्षण डेटा के विश्लेषण से पता चला कि एसटीटी/एसपी घटक के तहत 724 जॉब रोल्स में कुल 56.14 लाख उम्मीदवारों को प्रमाणन दिया गया. इनमें से करीब 40% प्रमाणन केवल 10 जॉब रोल्स तक सीमित रहे, जो मुख्य रूप से परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, आईटी, निर्माण, टेलीकॉम और स्वास्थ्य जैसे कुछ ही क्षेत्रों से जुड़े थे. रिपोर्ट में कहा गया कि मई 2023 में मंत्रालय ने कम प्लेसमेंट दर के लिए कोविड-19 के बाद की आर्थिक अनिश्चितता को जिम्मेदार ठहराया था।

**इस्तेमाल नहीं हुई राशि**

ऑडिट में पाया गया कि योजना के लिए जारी की गई राशि का पूरा उपयोग नहीं किया गया. हालांकि मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कामकाज में बाधा आई, लेकिन ऑडिट के मुताबिक 2016 से 2024 के बीच पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 के तहत राज्यों को जारी 1,380.87 करोड़ रुपये में से मार्च 2024 तक केवल 20.09% (277.40 करोड़) राशि खर्च ही नहीं हो पाई. रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कोविड से पहले की अवधि (2016-19) में जारी 757.82 करोड़ रुपये में से केवल 149.85 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए।

